दिनांक 20.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा डेंगू की रोकथाम में संलग्न समस्त अधिकारियों की समीक्षा बैठक निगम सभागार में ली

भिलाईनगर/ दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में नगर निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत डेंगू के रोकथाम के लिए संयुक्त रुप से चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत गौतम नगर, बापूनगर, छावनी का सघन दौरा किया गया। भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान श्री अग्रवाल ने डेंगू की रोकथाम हेतु प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ आम नागरिकों को भी इस अभियान में जुड़ने हेतु अनुरोध किया गया। वार्ड की महिलाओं से वार्डों में हो रही सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखने के साथ–साथ 8–10 घर की महिला मिलकर एक समुह बनाकर आप लोग भी इस कार्यक्रम जन भागीदारिता निभायें। वार्ड के पार्षद, यूवा संगठन, सहित अन्य लोगो से भी अपील की डेंगू के बचाव हेतु आप लोग भी अपने मोहल्ले में इस बिमारी के नियंत्रण के उपाय हेतु घर–घर जाकर जन जागरुकता रैली का आयोजन करें।

कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल के द्वारा विभिन्न वार्डों का भ्रमण करने के पश्चात् देर रात निगम सभागार में निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, ए0डी0एम0 श्री संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री सौरभ सिंह, की उपस्थिति में डेंगू के रोकथाम हेतु पदस्थ किये गये एसडीएम, निगम भिलाई के अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह, श्री आर0के0 साहू, समस्त जोन आयुक्त, राजस्व, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षण एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित इस अभियान में जुड़े समस्त प्रमुखों की बैठक ली गई। बैठक में श्री अग्रवाल ने डेंगू प्रभावित क्षेत्र में किये गये कार्य के संबंध में जोनवार अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की, तथा उन्होने कहा कि संयुक्त अभियान दल के समस्त सदस्य आपस में सामंजस्य बैठाकर पुरी कार्य योजना के साथ अपने–अपने प्रभार वाले वार्डों में सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन पुरे ईमानदारी एवं लगन से करें। निगम आयुक्त श्री चौहान को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रभावित वार्डों एवं नियमित साफ–सफाई के साथ–साथ डेंगू की रोकथाम हेतु किये जाने वाले कार्य की संम्पूर्ण रुप रेखा तैयार करें, तथा की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें।

निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा आज समीक्षा बैठक में विभाग प्रमुखों के द्वारा की गई कार्य प्रगति से अवगत होते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से निगम के स्वास्थ्य एवं तोड़फोड़ अमला डेंगू प्रभावित वार्डों में अपने–अपने प्रभार वाले वार्ड में नियमित रुप से आम नागरिकों से भी सहयोग लेते हुए कार्य करें। कलेक्टर महोदय के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अपने–अपने कार्य पर निर्धारित समय में वार्डों में पदस्थ सभी अधिकारी, कर्मचारी निर्धारित समय में उपस्थित होकर एसडीएम एवं जोन आयुक्त के मार्गदर्शन में बनाये गये कार्य की रुपरेखा अनुसार सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ कार्य का संपादन करें। इस पुरे अभियान में प्रभावित वार्ड के नागरिकों के द्वारा डेंगू के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु सहयोग देने हेतु अपील करें।

जनसम्पर्क अधिकारी